कोटद्वार,शुक्रवार
29 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 237 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## कतर में गिरफ्तार 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को नहीं होगी फांसी



### भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत

नई दिल्ली। कतर में गिरफ्तार 8 भारतीय नौसैनिकों की फांसी की सजा पर रोक लगा दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद कतर की अपीलीय अदालत ने ये फैसला दिया, जिसमें सजा कम कर दी गई हैं। कतर में भारतीय राजदूत और अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ अदालत में अपील की।

**हम शुरुआत से पूर्व सैनिकों के साथ: विदेश मंत्रालय**

कतर में दहरा ग्लोबल मामले में मिली मौत की सजा पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम मामले की शुरुआत से ही पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के साथ खड़े हैं और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के साथ भी उठाना जारी रखेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही की गोपनीय और संवेदनशील प्रकृति के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

भारत सरकार ने दायर की थी अपील

बता दें कि इन पूर्व सैनिकों को बचाने के लिए भारत सरकार ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। इसके लिए सरकार ने कतर की एक दूसरी अदालत में पूर्व नौसैनिकों को मिली मौत की सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। बता दें कि जासूसी के कथित मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की एक अदालत ने अक्टूबर में मौत की सजा दी थी।

**इजरायल के लिए जासूसी करने का लगा था आरोप**

कतर ने आठों नौसैनिकों पर इजरायल के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया था। कतर की सुरक्षा एजेंसी ने सभी को 30 अगस्त को गिरफ्तार किया था। ये सभी भारतीय नौसेना से रिटायर थे और दोहा में अल–दहरा कंपनी के लिए काम करते थे।

## राशन से भरा ट्रक खाई में गिरा, चालक की मौत

विकासनगर। हरिपुर–कोटी–मीनस मोटर मार्ग पर गुरुवार को सरकारी राशन ले जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। राजस्व पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय विकासनगर भेज दिया है। गुरुवार सुबह विकासनगर स्थित गोदाम से राशन लेकर एक ट्रक त्यूणी के लिए रवाना हुआ। सुबह आठ बजे के करीब हरिपुर–कोटी–मीनस मोटर मार्ग क्वानू–मैलाथ के पास ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। बताया जा रहा है ट्रक के खाई में गिरते हुए चालक ने छलांग लगाकर बचने की कोशिश की, लेकिन वो ट्रक के नीचे आ गया। ट्रक के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर राजस्व पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने एडिशनल उप निरीक्षक मनीष चौहान के नेतृत्व में ट्रक चालक के शव को 300 मीटर गहरी खाई से बाहर निकाला। स्थानीय राजस्व उप निरीक्षक आईडी शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान त्रिलोक सिंह (40) पुत्र देव सिंह, निवासी ग्राम जैती–अल्मोड़ा के रूप में हुई है।

## प्रॉपर्टी कारोबारी के ऑफिस में घुसकर 3 बदमाशों ने की गोली मारकर हत्या

रुडक़ी , उत्तराखंड के रुडक़ी में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस का भी ख़ौफ़ नहीं। रुडक़ी में बीती रात बदमाशों ने बीजेपी पार्षद के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। तीन बाइक सवार बदमाश कारोबारी के ऑफिस में घुसे और उन पर गोलियां चला दी और फिर वहां से फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ सिविल अस्पताल में जुट गई। दरअसल, 40 वर्षीय जोगेंद्र अपने ऑफिस में बैठे थे। जोगिंदर प्रॉपर्टी का काम करते थे। बाइक सवार बदमाश उनके कार्यालय पर पहुंचे और उन्होंने जोगिंदर पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। गोली लगने से जोगेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य लोग ऑफिस की तरफ आए लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो गए थे।परिजन जोगिंदर को निजी हॉस्पिटल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है।मृतक जोगेंद्र पार्षद गीता चौधरी के पति मांगेराम चौधरी के छोटे भाई हैं। इसके साथ ही लोगों की भीड़ भी घटनास्थल और सिविल अस्पताल में जुट गई।एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने बताया कि दीवार फांदकर घर में घुसे तीन बदमाशों ने जोगिंदर पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या की घटना को अंजाम दिया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
Institute of Hospitality, Management & Sciences
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# सुराज सेवा दल ने सचिवालय गेट पर दिया धरना



देहरादून। सचिवालय में ऊर्जा सचिव के नहीं मिलने पर सुराज सेवा दल के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया। आक्रोशित कार्यकर्ता सचिवालय गेट पर प्रदर्शन कर धरना दिया। सचिव कार्मिक ने कार्यकर्ताओं को वार्ता के लिए बुलाया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। गुरुवार को दोपहर बाद सुराज सेवा दल के कार्यकर्ता बिजली की बढ़ते दाम कम करने और बिजली विभाग में हुए घोटालों के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सचिवालय पहुंचे। लेकिन यहां उनकी मुलाकात सचिव ऊर्जा से नहीं हो पाई, जिस कारण उनका आक्रोश भड़क गया और सचिवालय गेट पर नारेबाजी कर धरने बैठ गए।

यहां दल के अध्यक्ष रमेश जोशी ने कहा कि यूपीसीएल के अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त है, पूर्व में भी कैग की ऑडिट रिपोर्ट और विभाग की गोपनीय जांच में करोड़ों रुपए के घपला उजागर हुआ था। उन्होंने उधमसिंहनगर जिले में गड़बड़ी को लेकर भी बात उठाई और कहा कि इसे लेकर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। गेट पर प्रदर्शन की सूचना पर सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने वार्ता के लिए बुलाया।

प्रतिनिधिमंडल को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। धरना देने वालों में महामंत्री देवेंद्र बिष्ट, जिला सचिव ललित श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हिमांशु धामी, सचिव आरसी पाल, आशीष, सूरज ममगाईं, एजाज, अमन, नितेश, विजय लक्ष्मी रावत, नीतू कश्यप, रेखा वर्मा, इमरान अली मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किए

देहरादून। पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत आवास विकास परिषद द्वारा निर्माणाधीन पांच आवासीय परियोजना के लाभार्थियों को बुधवार को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किए गए।

आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विधानसभा स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को आवंटन पत्र सौंपे। इस मौके पर अग्रवाल ने कहा कि आवास विभाग द्वारा योजना के तहत कुल 20 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को मंगलौर रुड़की आवासीय परियोजना में 542, अनेकीहेत्तमपुर परियोजना हरिद्वार में 845, महुवाखेड़ागंज उधमसिंह नगर में 98, मानपुर आवासीय परियोजना काशीपुर में 108 और उमेधपुर-रामनगर आवासीय परियोजना, नैनीताल में 390 इकाईयों सहित कुल 1983 लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए। उन्होंने बताया कि आवास आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए जाने के लिएऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास आवंटन के समय वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए भूतल में आवास आवंटन किए जा रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आवास विकास परिषद द्वारा अब तक विभिन्न परियोजनाओं में कुल लगभग 6463 आवासों का आवंटन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शेष परियोजनाओं के आवंटन के लिए भी आवेदन पत्रों का सत्यापन किया जा रहा है।

आवास मंत्री ने बताया कि उक्त परियोजनाओं में निजी निवेशकों द्वारा अपनी जमीन पर छह लाख प्रति आवास की दर से फ्लैट तैयार कर आवास परिषद को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इसमें सरकार द्वारा लाभार्थी को ढाई लाख की सब्सिडी प्रदान करने के बाद लाभार्थी को मात्र साढ़े तीन लाख रुपए में छत मिल रही है। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, दिवान सिंह बिष्ट, अपर आवास आयुक्त प्रकाश चन्द्र दुम्का उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेयजल के निजीकरण के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

देहरादून। पेयजल सप्लाई सिस्टम को निजी हाथों में देने के खिलाफ कर्मचारियों ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। इसके लिए दोनों पेयजल एजेंसियों जल संस्थान और जल निगम के कर्मचारी संगठन एकजुट हो गए हैं। योजनाओं का संचालन निजी हाथों में देने के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई गई। पेयजल निगम के कमला नगर कार्यालय में हुई बैठक में जल संस्थान कर्मचारी संगठन और जल निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में एडीबी फंडिंग एजेंसी को पेयजल और सीवरेज योजनाओं के निर्माण और उनके संचालन का जिम्मा देने का तीखा विरोध किया गया। कर्मचारी संगठन के महामंत्री रमेश बिंजौला ने कहा कि सरकार की अपनी एजेंसियां होने के बावजूद 18 साल के लिए पूरा काम निजी हाथों में देने का निर्णय समझ से परे है। कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजय खाली ने कहा कि सरकार का ये कदम पेयजल एजेंसियों के अस्तित्व को समाप्त करने जैसा है। भविष्य में कर्मचारियों के वेतन, पेंशन का संकट खड़ा हो जाएगा। उत्तराखंड इंजीनियर्स फेडरेशन के महामंत्री जितेंद्र सिंह देव ने कहा कि यदि जल्द इस पर रोक न लगाई गई, तो आंदोलन तय है। कहा कि सरकार जल्द जल संस्थान और जल निगम का एकीकरण कर पेयजल को राजकीय विभाग बनाए। कर्मचारी महासंघ के महामंत्री गौरव बर्त्वाल ने कहा कि इस फैसले के खिलाफ प्रदेश भर के पेयजल कर्मचारी एकजुट हैं। इस बार आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

### वुशू में उत्तराखंड की मेघा, स्मिता, ज्योति की जीत

देहरादून। खेलो इंडिया महिला वुशू लीग नार्थ जोन चैंपियनशिप के सब जूनियर के 27 किलोग्राम वर्ग में उत्तराखंड की मेघा भट्ट ने पंजाब की खिलाड़ी प्रकशिता को हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। दून में परेड ग्राउंड स्थित मल्टीपरपज हॉल में दूसरे दिन गुरुवार को विभिन्न इवेंट हुए। जूनियर बालिका वर्ग के 52 किग्रा में उत्तराखंड की स्मिता थापा ने पंजाब की तरनी, सीनियर बालिका वर्ग के 52 किग्रा में उत्तराखंड की ज्योति थापा ने पंजाब की जेनाब खातून को पराजित कर अगले दौर में जगह बना दी है। ताओलू इवेंट में जूनियर बालिका मे ताईची इवेंट मे हिमाचल की कशिश ने स्वर्ण पदक ,दिल्ली की अनिशा ने रजत पदक जीता। नन्क्वंन इवेंट मे जम्मू कश्मीर की प्रतिभा ने स्वर्ण, दिल्ली की केशरी डागर ने रजत पदक प्राप्त किया।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने शीत लहर के सम्बन्ध में प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा की




देहरादून। राज्य में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को गम्भीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में ट्रैकिंग एजेंसियों व कम्पनियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को पुख्ता करने, प्रदेश में एक प्रभावी ट्रैकिंग पॉलिसी या एसओपी बनाने के साथ ही डीएफओ को ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की जानकारी जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ अनिवार्यतः सांझा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को भी इस सम्बन्ध में डीएफओ, पर्यटन विभाग तथा ईको टूरिज्म से समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि समय पर ट्रैकिंग एसओपी प्रभावी न होने की दशा में प्रदेश में आने वाले ट्रैकर्स की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही की घटना के लिए वन विभाग को सीधे तौर पर उत्तरदायी ठहराया जाएगा एवं कार्यवाही की जाएगी। एसीएस ने वन विभाग को सख्त हिदायत दी है कि ट्रैकिंग एजेंसियों के लिए भी एक ठोस एसओपी के साथ ही ट्रैकर्स के लिए पुख्ता सुरक्षा मापदण्ड, बीमा, प्रशिक्षित गाइड्स, स्नो इक्वमेन्ट्स, हेल्थ सर्टिफिकेट, बेसिक मेडिसिन की तत्काल व्यवस्था को लागू किया जाए।

सचिवालय में प्रदेश में शीत लहर के सम्बन्ध में प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विशेषरूप से निर्माणधीन स्थलों में रहने वाले जरूरतमंदों श्रमिकों के शीत लहर से बचाव एवं राहत के लिए श्रम विभाग को तत्काल सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत एसीएस ने हरिद्वार तथा उधमसिंह नगर जिलों में ट्रैफिक एवं पुलिस विभाग कों विशेषरूप से अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी है। इसके साथ ही उन्होंने फायर डिपार्टमेंट को आग की घटनाओं को रोकने के लिए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिए दान किये जाने वाले गर्म कपड़ों को एकत्रित एवं वितरित करने के लिए एसीएस रतूड़ी ने एक पोर्टल बनाने के भी निर्देश आज की बैठक में दिए हैं।

# हरिद्वार पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत



हरिद्वार।देहरादून में आयोजित खेल महाकुंभ में अंडर-17 आयु वर्ग में देहरादून को हराकर हरिद्वार के चैंपियन बनने पर टीम का स्वागत किया गया। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने गौतम फार्म स्थित गंगा बास्केटबॉल अकादमी पर हरिद्वार पहुंचने पर खिलाड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।जनपद बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित खेल महाकुंभ वर्ष 2023-24 बालक वर्ग में देहरादून में आयोजित प्रदेश स्तरीय चैंपियनशिप में आयु वर्ग-17 में हरिद्वार जनपद की टीम ने फाइनल मैच में देहरादून की टीम को हराकर उत्तराखंड राज्य बनने के बाद पहली बार जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विधायक आदेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री का खेलो इंडिया अभियान आज जहां पूरे देश में खेल को आगे बढ़ा रहा है, वहीं राज्य सरकार द्वारा आयोजित खिलाड़ी उदीयमान योजना भी राज्य में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा आज खेलकूद के माध्यम से जहां हरिद्वार के बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो रहा है वहीं वे अपने भविष्य के लिए भी राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आज बास्केटबॉल खेल से जुड़कर बच्चे लगातार हरिद्वार का नाम रोशन कर रहे हैं और वह दिन दूर नहीं जब हरिद्वार के ये प्रतिभावान और होनहार बच्चे राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हरिद्वार और उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे। ये खिलाड़ी रहे शामिलः खिलाड़ियों में अभिषेक चुंघ, अदिति देव श्रीवास्तव, नमन सैनी, कार्तिकेय सैनी, तुशांत चौधरी, अयान बत्रा, क्षितिज, आरव खान, ऋषभ, अविश के अलावा टीम कोच आलोक चौधरी और लक्ष्य शर्मा आदि शामिल रहे।

### उक्रांद ने स्थायी राजधानी गैरसैंण को लेकर बनाया दबाव

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने मूल निवास 1950 और भू कानून के साथ ही स्थायी राजधानी गैरसैंण को लेकर भी दबाव तेज कर दिया है। उक्रांद ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज जल्द उक्रांद केंद्रीय कार्यकारिणी में पास हुए प्रस्तावों को पर कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय कार्यालय प्रभारी सुनील ध्यानी ने सीएम को भेजे ज्ञापन में कहा कि केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राज्य के कई ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार मंथन किया गया। राज्य की जनता से जुड़े अहम प्रस्तावों को पास किया गया। अब सरकार को भी चाहिए कि वो जनहित से जुड़े इन प्रस्तावों को जल्द से जल्द पास करे। इसके लिए सबसे पहले स्थायी राजधानी गैरसैंण के मुद्दे का हल निकाला जाए। तत्काल सरकार स्थायी राजधानी गैरसैंण घोषित करे। उत्तराखंड में बाहर से आने वाले वाहनों पर ग्रीन टेक्स लगाया जाए। बाहरी निजी वाहनों के संचालन पर रोक लगायी जाए। पर्यावरण बचाने को घर घर फ्री गैस सिलेंडर पहुंचाए जाएं। बंदरों और सूअरों से किसानों को मुक्ति दी जाए। धार्मिक स्थलों के नाम पर कॉरिडोर बना कर राज्य की संस्कृति को खत्म न किया जाए।

# ...इस अतिक्रमण पर भी ध्यान दो साहब, अब तो पैदल चलना भी हो गया मुश्किल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शहर में अतिक्रमण के नाम पर प्रशासन व नगर निगम को केवल गोखले मार्ग ही नजर आता है। जबकि, अन्य मुख्य सड़कों पर सड़क तक सजी दुकानों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे बुरी स्थिति झंडाचौक के समीप गंगादत्त जोशी मार्ग की बनी हुई है। अव्यवस्थाओं के कारण हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पूर्व में शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम अतिक्रमण को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की सड़कों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकारी सिस्टम को भी अतिक्रमण के नाम पर केवल रेहड़ी-ठेली व फड़ वाले ही नजर आते हैं। जबकि, सड़क पर बड़े व्यापारियों की सजाई गई दुकानों को सरकारी सिस्टम अनदेखा कर रहा है।

◆निगम व प्रशासन को अतिक्रमण के नाम पर केवल रेहड़ी-ठेली वाले ही आते हैं नजर ◆स्टेशन रोड, गंगादत्त जोशी मार्ग में अधिकांश व्यापारियों ने सड़क पर सजाई हैं दुकानें ◆शहर के लिए नासूर बन रहे अतिक्रमण से हर समय बना रहता है दुर्घटनाओं का अंदेशा

## यह है वर्तमान स्थिति

सुमन मार्ग पर दोपहिया वाहनों के गैराज चल रहे हैं। वे आधी सड़क घेरकर बाइक की मरम्मत करते रहते हैं। सीएसडी कैंटीन मार्ग पर गढ़वाल टाकीज से सीएसडी कैंटीन गेट के पास तक सड़क के दोनों ओर चार पहिया वाहनों के गैराज बने हुए हैं। जिला परिषद मार्केट में अतिक्रमण की होड़ लगी हुई है। जिला परिषद द्वारा लोगों के चलने के लिए दुकानों के बाहर फुटपाथ बनाया गया था। दुकानदार फुटपाथ पर अतिक्रमण करने के बाद अब सड़क पर कब्जा कर रहे हैं। गंगादत्त जोशी मार्ग में सड़क के दोनों आधी सड़क तक सजी दुकानों के कारण वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना तक दूभर हो जाता है। यहां दुकानदारों ने कपड़ों, जूतों और कास्मेटिक की दुकानें खोल रखी हैं।

अतिक्रमण के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। जाम लगने की स्थिति में यदि कोई वाहन चालक सामान हटाने को कहता है तो व्यापारी उल्टा विवाद करने लगते हैं। पूर्व में शहरवासियों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से भी की थी। लेकिन, अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया।



कोटद्वार के गंगादत्त जोशी मार्ग पर सड़क में सजी दुकानें

## कोटद्वार के तीन लोग छः माह के लिए जिला बदर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी ने कोटद्वार क्षेत्र के तीन लोगों को 6 महीने के लिए जिला बदर किया है। उत्तर प्रदेश (उत्तराखंड) गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत इन पर यह कार्रवाई की गई। बीते मई माह में प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी को तीनों अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने संबंधी आख्या प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि तीनों अभियुक्त अभ्यस्त अपराधी हैं। जो समाज के लिए आतंक उत्पन्न करने की प्रवृति के हैं। समाज के लिए इनसे निरंतर खतरा बनता जा रहा है। डर से कोई व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही देने को तैयार नहीं है। जिस कारण समाज में भय एवं आतंक व्याप्त है। इतना ही नहीं, आम जन इनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने से भी डरते हैं। बताया गया कि मौजूदा समय में ये निडर होकर उत्तर प्रदेश (उत्तराखंड) गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 में निहित प्राविधानों का पूरा उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसे में इनको गुण्डा अधिनियम में निरुद्ध किया जाना जनहित में हैं। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे की आख्या के बाद जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में वाद संस्थित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट डा. आशीष चौहान की अदालत ने जावेद पुत्र अनीस निवासी लकड़ी पड़ाव कोटद्वार, विनोद थापा पुत्र टीकाराम निवासी झूला बस्ती, लकड़ी पड़ाव कोटद्वार व शानुल पुत्र स्व. लईक अहमद, निवासी वार्ड नंबर-5 लकड़ी पड़ाव कोटद्वार को छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश दिए हैं।

## युवा कांग्रेस ने 42 रन से जीता मैच

**पौड़ी** : कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस पौड़ी के द्वारा कंडोलिया स्थित मैदान में क्रिकेट का फ्रैंडली मैच का आयोजन किया गया। मैच में युवा कांग्रेस पौड़ी की टीम ने कांग्रेस कमेटी की टीम को 42 रन से पराजित किया। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यालय में स्थापना दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मैच में युवा कांग्रेस पौड़ी के द्वारा पहले बैटिंग करते हुए 15 ओवर के मैच में 192 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कांग्रेस कमेटी की टीम 15 ओवर में 150 रन ही बना पाई। युवा कांग्रेस ने 42 रन से जीत हासिल की। क्रिकेट मैच में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी, विधानसभा अध्यक्ष आयुष भंडारी, अंकित सुंदरियाल, मुकुल कुमार, ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप रावत, विजयदर्शन बिष्ट, ब्लाक प्रमुख दीपक कुकशाल, अनूप कंडारी, संजय नेगी, मनीष रेवाड़ी, दीपक असवाल आदि शामिल रहे।

# स्थापना दिवस पर लिया कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प

**धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : महानगर कांग्रेस कमेटी व जिला युवा कांग्रेस की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह नेगी व विशिष्ट अतिथि महापौर हेमलता नेगी ने कांग्रेस व यूथ कांग्रेस कमेटी को मजबूत करने का आह्वान किया। कहा कि हमें गर्व है कि हम उस पार्टी के सदस्य हैं, जिसने देश की आजादी में भूमिका निभाई। जब 1885 में पार्टी की स्थापना हुई थी, तब हमने लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी थी और आज हम लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है और भारत के लोगों की प्रगति है। हम संसदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास करते हैं, जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समानता, अवसर, राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकार निहित हैं। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी कोटद्वार के अध्यक्ष संजय मित्तल, यूथ कांग्रेस कमेटी कोटद्वार के जिला अध्यक्ष विजय रावत, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र बिष्ट, सेवादल महानगर अध्यक्ष महावीर रावत, महानगर कांग्रेस कमेटी की महिला अध्यक्ष सुधा असवाल, छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु बौखंडी, अंकुश घिल्डियाल, पूर्व प्रमुख गीता नेगी आदि मौजूद रहे। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में प्रदेश में भू-कानून लागू करने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में सख्त भू कानून लागू करने की मांग की गई। कहा कि प्रदेश में भू-कानून लागू करना व स्थाई निवास की बजाय मूल निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने की तत्काल व्यवस्था होनी जरूरी है। ताकि प्रदेशवासियों को सरकारी नौकरियों का लाभ मिल सके। भू-कानून लागू होने से बाहरी प्रदेशों के भूमाफियाओं पर लगाम लग सकेगी।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

## इंद्रमणी बड़ोनी जन्म शताब्दी के रूप में मनाया जाएगा नववर्ष

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव वर्ष 2024 को उत्तराखंड के गांधी एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय इंद्रमणी बडोनी जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कहा कि समाज को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए दिए गए बडोनी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस संबधित में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि स्व. इंद्रमणी बडोनी पृथक उत्तराखंड राज्य के लिए प्रतिबद्ध थे और इसी संदर्भ में उन्होंने 1994 में पौड़ी में आमरण अनशन किया था। पृथक राज्य की प्राप्ति में उनके योगदान को देखते हुए ही पार्टी ने नव वर्ष को उनके जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कहा कि उत्तराखंड में मूल निवास 1950 और भू-कानून लागू करना यूकेडी का मौलिक एजेंडा है जिसे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए हम सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में जगदीपक सिंह रावत, पुष्कर सिंह रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, सत्य प्रकाश भारद्वाज, सर्वेंद्र काला, विनोद चौधरी, दिनेश सिंह, मेहरबान सिंह नेगी, प्रभाकर ध्यानी, राजा राम अंथवाल और भारत मोहन काला सहित दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सड़क पर उतरे दिव्यांग, अधिकार अधिनियम लागू करने की मांग

**कोटद्वार शहर में दिव्यांगों ने निकाली सशक्तिकरण रैली**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अपने अधिकारों की मांगों को लेकर दिव्यांगजनों से सड़क पर उतरकर आक्रोश रैली निकाली कहा कि दिव्यांग लंबे समय से अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, हर बार उन्हें अनदेखा किया जाता है। दिव्यांगों ने सरकार से उनकी स्थिति पर ध्यान देते हुए प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को भी लागू करने की मांग उठाई।

गुरुवार को क्षेत्र के दिव्यांग जन दिव्यांग हितों के लिए कार्य कर रही संस्था सक्षम के बैनर तले झंडाचौक में एकत्रित हुए। इसके उपरांत वे रैली की शक्ल में तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में दिव्यांगों की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 को अविलंब लागू करना अति आवश्यक है।

केंद्र सरकार द्वारा यह अधिनियम 28 दिसंबर 2016 को इस आशय के साथ लागू किया गया था कि देश के सभी राज्य इसे अपने-अपने प्रान्तों में यथाशीघ्र लागू करें, परन्तु उत्तराखंड राज्य ने इसे आज तक गम्भीरता से नहीं लिया। ज्ञापन में दिव्यांगजनों के हितार्थ अलग से दिव्यांग विभाग का गठन करने, अन्य राज्यों की भांति उत्तराखंड में भी दिव्यांगजनों को 3100 रूपये मासिक पेंशन देने, संस्था को प्रांतीय कार्यालय एवं दिव्यांगजन विश्राम गृह हेतु राजधानी देहरादून में भवन अथवा भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने, सुनने-बोलने में असमर्थ दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण हेतु प्रत्येक जिले में संसाधन युक्त परीक्षण कक्ष निर्मित करने, यूडीआइडी कार्ड के आधार पर दिव्यांगजनों की पेंशन जारी करने, दिव्यांगजनों के पेंशन हेतु अभिभावकों के 4000 रुपये का मासिक आय प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त करने और भारत सरकार की भांति राज्य के दिव्यांगजन आयुक्त कार्यालय को सक्रिय करते हुए उनके निर्णयों का संकलन कर सुरक्षित रखने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी, कोटद्वार इकाई अध्यक्ष योगंबर रावत, उपाध्यक्ष सुदीप बौठियाल, सचिव विपुल उनियाल, जितेंद्र रावत, कविता मलासी और शशि भूषण अमोली सहित कई दिव्यांगजन शामिल रहे।



कोटद्वार में आक्रोश रैली निकालते दिव्यांग जन

# सिडकुल के कर्मचारियों को दी प्रधानमंत्री जनधन योजना की जानकारी

## आईएचएमएस की ओर से सिगड्डी सिडकुल में आयोजित किया गया वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सिगड्डी सिडकुल में कार्य कर रहे अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

संस्थान के मैनेजमेंट विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के प्रध्यापक सिगड्डी सिडकुल स्थित अश्वान हेल्थ केयर कंपनी में पहुंचे। यहां पर संस्थान के मैनेजमेंट विभाग के प्राध्यापक सुरेंद्र जगवान ने कर्मचारियों को केंद्र सरकार की ओर से जारी वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत कर्मचारी बचत कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन है, जो बैंकिंग/बचत और जमा खाता, ऋण, बीमा, पेंशन की सुविधा देता है। कहा कि इस योजना से जमा राशि पर ब्याज, एक लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। पूरे देश में कहीं भी अपना पैसा निकाल सकते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री जनधन का खाता किसी भी बैंक और बैंक मित्र आउटलेट में खोला जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों से प्रदेश और केंद्र सरकार की ओर से जारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनि शर्मा, सुबोध केष्टवाल, प्रदीप भट्ट, टीना जोशी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में कर्मचारियों को योजना की जानकारी देते सदस्य

## हे घाना तेरी और चैता की चैत्वाली गीत पर थिरके लोग

सतपुली : नयारघाटी पंचायत महोत्सव में लोक गायक अमित सागर, यू ट्यूबर वसुधा गौतम के गीतों लोग जमकर थिरके। गुरुवार को महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में हे घाना तेरी, चैत की चैत्वाली गढ़वाली गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी शांति देवी एवं विशिष्ट अतिथि कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव कविंद्र इष्टवाल ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में नरेंद्र नेगी अध्यक्ष जिला सहकारी समिति, जिपंस संजय डबराल, मैत्री प्रकाश, पीएलबी पुष्पेंद्र राणा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह नेगी ने किया।

## हुड़दंग मचाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर गढ़वाल** : कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने हुड़दंग मचाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी विनोद गुसांई ने बताया कि एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर उत्पात मचाने वाले हुड़दंगियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को श्रीनगर रिपोटिंग चौकी के पास एक युवक उत्पात मचा रहा था। उन्होंने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अजय कुमार, राजेंद्र शाह, सुरेंद्र सिंह शामिल थे। (एजेंसी)

## अलकनंदा नदी में मिला अज्ञात शव

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अलकनंदा बिहार श्रीनगर के नजदीक अलकनंदा नदी में अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए बेस चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा है।श्रीनगर चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि अलकनंदा बिहार श्रीनगर के पास अलकनंदा नदी में एक व्यक्ति बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना एसडीआरएफ और आपदा राहत दल को दी गई। जिसके बाद अलकनंदा नदी से शव को रेस्क्यू कर निकाला गया। एसआई अजय कुमार ने बताया कि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। (एजेंसी)

## स्वास्थ्य कर्मियों को दिया अंतरा इंजेक्शन का प्रशिक्षण

**पौड़ी** : स्वास्थ्य विभाग की ओर से विकास भवन सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत जिले में प्रसव केंद्रों में तैनात चिकित्सकों व स्टाफ नर्स को एक दिवसीय इंजेक्टबल कांट्रेसेप्टिव इंजेक्शन अंतरा का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान बताया गया कि महिलाएं अनचाहे गर्भधारण से बचने के लिए हर 3 महीने में इस कांट्रेसेप्टिव इंजेक्शन का प्रयोग कर सकती हैं। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। लंबे समय तक अनचाहे गर्भ से बचाव के लिए इसे हर 3 महीने में प्रशिक्षित डाक्टर, स्टाफ नर्स, एएनएम से लगवाना आवश्यक है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रीता बामोला ने प्रशिक्षणार्थियों को अंतरा इंजेक्शन को प्रयोग में लाने की विधि, लाभार्थियों की काउंसलिंग, इंजेक्शन के प्रभाव व सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि अभी यह सेवा कुछ ही चिकित्सा इकाइयों के माध्यम से प्रदान की जा रही है, परिवार नियोजन साधनों में यह इंजेक्शन पूरी तरह सुरक्षित व असरदार है जो महिलाएं गर्भनिरोधक के अन्य साधनों का प्रयोग नहीं कर रही हैं वे इस विधि का प्रयोग कर सकती हैं। कहा कि यह सेवा शुरू करने से पहले प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा जांच करवाना आवश्यक है। इस गर्भनिरोधक के इस्तेमाल से पूर्व लाभार्थी की गोपनीयता सुनिश्चित की जाती है। प्रशिक्षण में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पारुल गोयल, डा. पंकज सिंह, डा. रक्षा नेगी, आशीष रावत, आशा सिंह आदि मौजूद रहे।

# दोपहर बाद बंद हुए कोटद्वार के मेडिकल स्टोर

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मेडिकल डिवाइस लाइसेंस न मिलने व अन्य मानकों का पालन न करने को लेकर हुई कार्रवाई के विरोध में कोटद्वार के मेडिकल स्टोर दोपहर बाद बंद नजर आए। मेडिकल स्टोर संचालकों ने औषधि नियंत्रक विभाग पर उनके शोषण का आरोप लगाया है।

दो दिन पूर्व औषधि नियंत्रक विभाग की ओर से श्रीनगर में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें आठ मेडिकल स्टोरों में मेडिकल डिवाइस लाइसेंस न मिलने व अन्य मानकों का पालन न किए जाने पर टीम की ओर से इन मेडिकल स्टोरों में दवाइयों के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई।

छापेमारी की इस कार्रवाई से आक्रोशित श्रीनगर व कोटद्वार के मेडिकल स्टोर संचालकों को आक्रोश व्याप्त है। कार्रवाई के विरोध में कोटद्वार में गुरुवार दोपहर बाद अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद कर दिए गए। जिसके कारण मरीजों को दवा के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। मेडिकल स्टोर संचालकों का कहना है कि अक्टूबर 2022 में मेडिकल डिवाइस लाइसेंस की अनिवार्यता की गई। जिसको अभी पूरी तरह से अमल में नहीं लाए जाने के कारण मेडिकल स्टोर संचालक अपने लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं।





कार्रवाई के विरोध में बंद पड़े कोटद्वार के मेडिकल स्टोर

## बिजनेस आइडिया को विकसित करने के बताएं गुर

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं में उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति जागरूकता किया गया। कार्यक्रम में विपिन चंद्र ने बिजनेस आइडिया को विकसित करने, स्टार्टअप विकसित करना, उत्तराखंड में उद्यमिता के अवसर, उद्यमिता के लाभ आदि विषयों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में डा. किशोरी लाल, डा. पूजा ध्यानी, हिमानी बिष्ट, अवधेश उपाध्याय, वीर सिंह, अर्जुन रवि, हरिकृष्ण सेमवाल, शूरवीर सिंह, गुड्डी देवी, अर्चना, रूबी रानी, गंभीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## शीतकालीन अवकाश 1 जनवरी से

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में 1 जनवरी से शीतकालीन अवकाश रहेगा। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने बताया कि 1 जनवरी से 13 जनवरी तक गढ़वाल विवि में शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित रहेंगी। (एजेंसी)

# बौंसाल-कल्जीखाल-पौड़ी मोटरमार्ग जिले की लाइफ लाइन : तीरथ

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच सड़कों का अपग्रेडेशन कार्य शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : सांसद गढ़वाल एवं पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत और विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने गुरुवार को कल्जीखाल ब्लॉक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच सड़कों के अपग्रेडेशन का शुभारंभ संयुक्त रूप से किया। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी हिस्सा लिया। सांसद ने कहा कि बौंसाल-कल्जीखाल-पौड़ी मोटरमार्ग जिले की लाइफ लाइन है। कोटद्वार-पाटीसैण-पौड़ी मोटरमार्ग में व्यवधान होने पर इस मोटरमार्ग का वैकल्पिक मोटरमार्ग के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इन सड़कों के ठीक होने से ब्लाक के 86 से भी अधिक गांवों के लोगों को यातायात संबंधी सुविधा और बेहतर मिल सकेगी।।

बौंसाल में सांसद ने पीएमजीएसवाई योजना के अन्तर्गत कल्जीखाल ब्लॉक की करीब 6495 लाख की लागत वाली पांच सड़कों का अपग्रेडेशन कार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों में बौंसाल-कल्जीखाल 34 किलोमीटर अपग्रेडेशन लागत 2636 लाख, पीपलाबैण्ड-मलाऊ सड़क 18 किमी. लागत 1493 लाख, कल्जीखाल-नलाई 14 किमी. लागत 1109 लाख, बनेख-थनुल सड़क 12 किमी. लागत 888.75 लाख और पैडुलपुल से जाखखाली 5 किमी. सड़क का अपग्रेडेशन लागत 368 लाख से बनने वाली सड़कें शामिल हैं। इस मौके पर सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड में यह सबसे लंबी सड़क है जो पीएमजीएसवाई योजना में शामिल की गई है।

कहा कि कल्जीखाल ब्लॉक में एक साथ 5 सड़कें इस योजना में शामिल की गई हैं। जो इस क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। सांसद गढ़वाल ने इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी हिस्सा लिया और कहा कि यात्रा से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल रही है। कौन सी योजना संचालित हो रही है इस यात्रा ने यह भी आसान किया है। इस मौके पर पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि पीएमजीएसवाई सड़कें अब और बेहतर होंगी और यहां के लोगों को आवाजाही में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाओं का संचालन किया है और इसका लाभ लोगों के मिल रहा है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा, द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा, जिला महामंत्री शशि रतूड़ी, मंडल अध्यक्ष अनिल नेगी, सांसद प्रतिनिधि ओपी जुगराण, महावीर सिंह नेगी, गणेश चंद्रा आदि भी मौजूद रहे।

# पौड़ी शहर हो रहा लगातार उपेक्षा का शिकार

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : शहरवासियों ने सांसद गढ़वाल से शहर की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की है। शहरवासियों का कहना है कि शहर में पिछले लंबे समय से समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। जिससे शहरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष दलवीर सिंह रावत ने भी सांसद को ज्ञापन देते हुए शहर में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर गंगादर्शन मोड से पौड़ी के लिए रोपवे का निर्माण करवाने की मांग की है। कहा कि पौड़ी शहर लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहा है। पौड़ी व श्रीनगर में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रोपवे का निर्माण करवाया जाना जरूरी है। अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पौड़ी आए सांसद गढ़वाल को सांसद प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह रावत व अन्य शहरवासियों ने ज्ञापन देते हुए विकास भवन से विकास मार्ग तक अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने, धारा रोड से माल रोड को जोड़ने वाले रास्ते का सुधारीकरण करने, कोटद्वार व माल रोड तिराहे पर खराब पड़े नाले व स्कबर को ठीक करने, माल रोड से विकास मार्ग को जाने वाले रास्ते को जल्द ठीक करने, जगह-जगह लीकेज हो रही पेयजल लाइनों को ठीक करने, धारा रोड से अपर बाजार होते हुए एजेंसी चौक को जाने वाले रास्ते का जल्द सुधारीकरण करने, बस अडडे से गडोली तक श्रीनगर जाने वाले रास्ते को जल्द ठीक करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कार्तिक डोभाल, संगीता रावत, राकेश नौड़ियाल, पुष्कर सिंह, हरेंद्र कोहली, जीतेंद्र कोहली, सुमिता रावत, रजनीश वर्मा, निखिल रावत आदि शामिल थे।

## नीति को सफल बनाने के लिए लोगों की सहभागिता जरूरी : सेमवाल

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विकसित भारत @2047 जलवायु, सु-शासन तथा स्थिरता का दायरा और संभावनाएं विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों, शोधकर्ता और छात्र-छात्राओं ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाये जाने को लेकर विचार विमर्श किया।

इस मौके पर राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल ने नीतिगत विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी नीति तभी सफल होती है जब उससे जुड़े लोगों की सहभागिता होती है। उन्होंने कहा कि भविष्य को भी ध्यान में रखकर नीतियों का निर्माण करना होगा। जिसमें शहरीकरण की नीति और जल नीति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रो. एमएम सेमवाल ने युवाओं को बेहतर भारत के लिए जागरूक और संवेदनशील नागरिक के रूप में राजनीति में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. हिमांशु बौड़ाई ने युवाओं को नये भारत का आधार स्तंभ बताया। कहा कि जिस दिन आप खुद से सोचने लगते हैं वहीं से परिवर्तन होना शुरू हो जाता है। इसलिए प्रकृति को बचाने के विषय में भी आपको खुद ही सोचना होगा। प्रो. बौड़ाई ने समग्र नैतिक विकास और भविष्य के लिए एक आदर्श समाज की स्थापना पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम के संयोजक डा. राकेश नेगी ने कहा कि 2047 आने में अभी 26 साल है और हमें अभी बहुत कार्य करने की आवश्यकता है। इस मौके पर डॉ. नरेश कुमार, सागर जोशी, विदुषी डोभाल नैथानी, देवेंद्र सिंह, रितिक कुमार, शुभम कुमार, शैलजा, सौरभ रावत, नेहा, डॉ. हेमलता, अरविन्द रावत, सतीश कुमार, अभिषेक बेंजवाल, आयुषी थलवाल एवं विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। (एजेंसी)

# बर्फबारी वाले ट्रैकिंग मार्गों पर जाने वाले पर्यटकों का पंजीकरण अनिवार्य : सीडीओ




चमोली : सर्दियों में बर्फबारी एवं प्राकृतिक आपदा से क्षति को कम करने के संबंध में पूर्व तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने वन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन क्षेत्रों में स्थित ट्रैक मार्गों पर जाने वाले पर्यटकों का अनिवार्य पंजीकरण कराते हुए इसकी सूचना जिला प्रशासन को भी उपलब्ध की जाए। पर्यटकों के पंजीकरण एवं ट्रैक मार्गों पर जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु एसओपी तैयार की जाए। ताकि अपरिहार्य परिस्थितियों में पर्यटकों को रेस्क्यू किया जा सके। किसी भी प्रकार की आपदा/दुर्घटना की सूचना तत्काल ई-मेल आईडी व दूरभाष पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि शीतकाल में सड़क, विद्युत, पेयजल, खाद्यान्न आपूर्ति, संचार सुविधाएं अवरूद्व होने पर तत्काल बहाल की जाए। सड़क एवं संपर्क मार्गों को सुचारू करने के लिए स्नो कटर मशीन, जेसीबी, डोजर एवं अन्य संसाधन को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाए। पाला गिरने वाले स्थानों पर सुरक्षात्मक उपाय किए जाए। ट्रैक मार्गों, पर्यटक स्थलों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस, एसडीआरएफ की तैनाती की जाए। पेयजल, विद्युत एवं दूरसंचार लाइन क्षतिग्रस्त होने पर तत्पर होते से कार्य करते हुए अविलंब सेवाएं बहाल की जाए। ठंड से बचाव के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाए जाए। जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के लिए कंबल, रैन बसेरा और आश्रय की समुचित व्यवस्थाएं की जाए।

स्वास्थ्य अधिकारियों को ऑक्सीजन की कमी वाले ठंडे क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए बेसिक मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। (एजेंसी)

# श्रीनगर व श्रीकोट के मेडिकल स्टोर दूसरे दिन भी रहे बंद, दवाईयों के लिए भटक रहे लोग

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में दूसरे दिन भी मेडिकल स्टोर बंद रहने से लोगों को दवाइयों के लिए भटकना पड़ा। बीते मंगलवार को औषधि नियंत्रक विभाग की टीम की ओर से मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें आठ मेडिकल स्टोरों में मेडिकल डिवाइस लाइसेंस न मिलने व अन्य मानकों का पालन न किए जाने पर टीम की ओर से इन मेडिकल स्टोरों में दवाइयों के क्रय–विक्रय पर रोक लगा दी थी। जिसके विरोध में गुरुवार को श्रीनगर व श्रीकोट के मेडिकल स्टोर दूसरे दिन भी पूरे दिन भर बंद रहे।

इस दौरान मेडिकल स्टोर के संचालकों ने कहा कि जब तक स्वास्थ्य सचिव से लिखित आदेश नहीं आता है तब तक मेडिकल स्टोर पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

ड्रगस्टिक एंड कैमिस्ट एसोसिएशन श्रीनगर गढ़वाल के अध्यक्ष अजय काला ने कहा कि औषधि नियंत्रक विभाग से मेडिकल स्टोर संचालकों ने लाइसेंस बनाने के लिए समय दिए जाने की मांग की, लेकिन उनकी मांग को अनदेखा किया गया। आरोप लगया कि मेडिकल स्टोर से सम्बंधित व्यवसायियों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। विभाग की इस सख्ती पर मेडिकल स्टोर संचालकों का कहना है कि अक्तूबर 2022 में मेडिकल डिवाइस लाइसेंस की अनिवार्यता की गई। जिसको अभी पूरी तरह से अमल में नहीं लाए जाने के कारण मेडिकल स्टोर संचालक अपने लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं। ड्रगिस्ट एंड कैमिस्ट एसोसिएशन श्रीनगर के सचिव सौरभ पाण्डेय और पूर्व अध्यक्ष नरेश नौटियाल ने बताया कि मेडिकल डिवाइस लाइसेंस को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण के माध्यम से फोन पर कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत से वार्ता हुई है। जिसमें उनसे मेडिकल डिवाइस लाइसेंस बनाये जाने को लेकर समय दिये जाने हेतु स्वास्थ्य सचिव को निर्देशित कर मामले का निस्तारण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक स्वास्थ्य सचिव की ओर से लिखित आश्वासन नहीं मिलता है तब तक श्रीनगर में मेडिकल स्टोर पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

# पोस्टर में अभिषेक तो निबंध में सक्षम ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में जीआईसी अगस्त्यमुनि में आयोजित किशोर स्वास्थ्य दिवस में 37 किशोरों की बीएमआई, एनिमिया स्क्रीनिंग व यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा पोषण सुधार को लेकर काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर मादक पदार्थों के सेवन से बचाव विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अभिषेक अव्वल रहे। वहीं, पोषण में सुधार विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सक्षम ने बाजी मारी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 10-19 आयु वर्ग के किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ब्लाक में वर्ष भर में 03 किशोर स्वास्थ्य दिवसों के आयोजन का लक्ष्य रखा गया था। इसी क्रम में जीआईसी अगस्त्यमुनि में तृतीय किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। किशोर स्वास्थ्य दिवस के मौके पर 37 किशोर की बीएमआई, एनिमिया स्क्रीनिंग तथा काउसलिंग की गई। काउंसलर आरकेएसके जयदीप कुमार ने कहा कि किशोर अवस्था विकास की एक महत्वपूर्ण अवस्था है, जिसमें न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक बदलाव के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने किशोर अवस्था से संबंधित समस्याओं को लेकर काउंसलिंग की की। उन्होंने किशोर-किशोरियों से जुड़ी किसी भी समस्याओं की काउंसलिंग हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में स्थापित किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक में संपर्क करने की अपील की। प्रधानाचार्य हरेंद्र सिंह बिष्ट ने आज के प्रतिस्पर्द्धा के दौर में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम को स्वास्थ्य विभाग की बेहतर पहल बताते हुए छात्रों को पोषण व स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित किया। किशोर स्वास्थ्य दिवस के द्वितीय सत्र में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोषण में सुधार विषयक पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा नौ के सक्षम ने प्रथम व अंकुश ने द्वितीय तथा कक्षा दस के छात्र साहिल ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, मादक पदार्थों के सेवन से बचाव विषयक पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा नौ के छात्र अभिषेक व अनुज ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किय, जबकि कक्षा 10 के सचिन तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर शिक्षक विनोद सिंह वर्तवाल, शशिकांत व अजय मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केंद्र की चयन समिति गठित

रुद्रप्रयाग : खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों पर नेहरु युवा केंद्र संगठन ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में नेहरु युवा केंद्र के लिए जिला चयन समिति का गठन किया है। जिसमें प्रत्येक जनपद से दो-दो सदस्य नामित किए गए हैं। रुद्रप्रयाग जनपद से सुरेंद्र रावत और विकास डिमरी को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अन्य जनपदों में भी सदस्य नामित किए गए हैं। (एजेंसी)

## छात्रों से नशे से दूर करने की अपील

रुद्रप्रयाग : राआइंका ऊखीमठ में एनएसएस के छात्रों का सात दिवसीय शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर छात्रों ने स्वागत गीत, लोकसंस्कृति पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किए, वहीं महिला मगल दल चुन्नी एवं मंगोली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।मुख्य अतिथि सुरेशानंद भट्ट बताया कि शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा नशामुक्ति अभियान के साथ साथ स्वच्छता अभियान, गंगा स्वच्छता, जनसंख्या नियंत्रण, जल संरक्षण, पेड़ बचाओ आदि विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए गए। कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक नेगी ने छात्रों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे के प्रयोग से मनुष्य सही और गलत में फर्क भूल जाता है। इसके साथ ही इसके सेवन से गम्भीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं। इस मौके विशिष्ट अतिथि बचन सिंह रावत, रणवीर सिंह धर्मवान, प्रेम सिंह धर्मवान, निवर्तमान सभासद प्रदीप धर्मवान, सर्वेश्वर सेमवाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष प्रमिला रावत, मिथिला धर्मवान, अंजना रावत, प्रियंका रावत, हेमंती शुक्ला, कुसुम धर्मवान, दीपक तिवारी आदि थे। (एजेंसी)


## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलैक्टर (प्र0श्रे0) कोटद्वार गढ़वाल।**

**राजस्व वाद संख्या 30 सन् 2022**

भोपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री लल्लू सिंह, आयु 65 वर्ष, निवासी ग्राम झण्डीचौड़ उत्तरी, पट्टी हल्दूखाता, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)।
–वादीगण

**बनाम**

विश्वास पुत्र स्व0 अनुसूया प्रसाद, 2- सन्तोष कुमार पुत्र सत्यदेव, 3- नरेश चन्द्र पुत्र सत्येदव, 4- राजेश्वरी देवी पत्नी रामअवतार, 5- ललित मोहन पुत्र रतनमणी, 6- मुकेश पुत्र महावीर सिंह, 7- दिगम्बर सिंह पुत्र गोविन्द सिंह, 8- सरोजनी पत्नी राम सिंह, 9- मुनेश कुमार पुत्र चन्दूलाल, 10- सचिन, मालिनी, गौरव सैनानी एवं अर्द्ध सैनिक बल संगठन झण्डीचौड़, निवासी ग्राम झण्डीचौड़ उत्तरी, पट्टी हल्दूखाता, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)।

समादेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-229डी ZLR ACT

महोदय,

हरगाह प्रतिवादीगणों को सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा एक वाद अन्तर्गत धारा 229(बी) जमींदारी उन्मूलन अधिनियम के अन्तर्गत योजित किया गया है जिसमें आपको प्रतिवादी बनाया गया है।

अतः आपको हिदायत दी जाती है कि आज दिनांक 10-01-2024 को प्रातः 10 बजे मेरे न्यायालय असालतन/वकालतन हाजिर होकर अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करें। अन्यथा मामले में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 28-12-2023 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

दिनांक- 28.12.2023

हस्ताक्षर
**असिस्टेन्ट कलैक्टर (प्र0श्रे0)**
**कोटद्वार गढ़वाल।**


# टिहरी की पौराणिक धरोहरों को संरक्षित करने का काम किया जाना जरूरी : डीएम

नई टिहरी : जनपद टिहरी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए डीएम मयूर दीक्षित ने जनपद वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि टिहरी की पौराणिक धरोहरों को संरक्षित करने का काम किया जाना चाहिए। पुरानी टिहरी ऐतिहासिक शहर रहा है। गुरवार को प्रेस क्लब और पुरानी टिहरी बांध विस्थापित संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डीएम दीक्षित ने शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी। डीएम ने इस मौके पर भरोसा दिया कि टिहरी प्रभावितों व विस्थापितों से संबंधित कार्यों पर शासन-प्रशासन स्तर से हर सम्भव कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही पुनर्वास एवं अन्य विभागीय स्तर पर लम्बित शिकायतों को शीघ्रातिशीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जायेगा।

## लोगों को जागरूक मतदाता बनने की दिलाई जा रही शपथ

रुद्रप्रयाग : लोकतंत्र को मजबूत करने और जन-जन में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए जनपद में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसमें सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) द्वारा निरंतर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जनपद के स्कूलों, कॉलेज, नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ जागरूकता अभियान चलाकर जन-जन को लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही लोगों को जागरूक मतदाता बनने की शपथ भी दिला रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत जनपद के स्कूल-कॉलेजों में लगातार जागरूकता अभियान चल रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, रतूड़ा, त्रिजुगीनारायण, नारायणकोटी, चोपड़ा, चोपता सहित अनेक स्कूलों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदान के प्रति छात्रों को जागरूक किया।

# अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बनें रोशन

नई टिहरी : अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन का दो दिवसीय त्रैवार्षिक जिला अधिवेशन व शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का ब्लाक सभागार घनसाली में विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि शिक्षक समाज का आईना है।

इसलिए शिक्षकों को समाज का सदैव मार्गदर्शन करना चाहिए। विधायक ने शिक्षकों के द्वारा अपनाये जा रहे नवाचार के साथ दुरस्थ स्कूलों में सेवा देने के लिए शिक्षकों की सराहना भी की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में संगठन का निर्वाचन कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन में जिला अध्यक्ष पद पर रोशन लाल शाह 134 मत पाकर विजयी रहे। जबकि प्रतिद्वंदी महावीर श्रीयाल को 126 मत मिले। जिला मंत्री पद पर रमेश गराकोटि कलम सिंह नेगी को 173 मतों से हराकर विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पर विजय ढौड़ियाल विजयी हुए। कोषाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र मालवा निर्विरोध निर्वाचित रहे। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षकों की समस्याओं को सरकार व विभाग गंभीरता से नहीं लेता है। नियुक्ति, पदोन्नति और समायोजन में सबसे सूदूर ब्लाकों व क्षेत्रों में अनुसूचित जाति व जनजाति के शिक्षकों को तैनात किया जाता है। इस भेदभाव से उनमें खासा रोष व्याप्त है। अधिवेशन में प्रदेश संगठन सचिव मनोहर आर्य, मंडलीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मंडलीय कोषाध्यक्ष सुशील कांदली एवं भीम लाल मेहरा, रमेश शाह, दिनेश राज, राम प्रकाश सोनी, राम लाल मेहरा, विनोद, दशरथ, भगवती, उतम कोहली, राकेश शाह, मोहन, श्रीदेव शाह, मोहन राज, मनोज खंडवाल, डॉ. त्रिलोक, पुष्पा, मंजू, विनिता, किरन, बिछना, संजय, रोशन, मंडल अध्यक्ष अनूप पाठक, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह तोमर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


## दून फिनकार्प सर्विस

**आवश्यकता है**

सेल्स एवं मार्केटिंग एक्सक्यूटिव की आवश्यकता है, फाईनेंस (ऋण) इन्डस्ट्री के लिए। निश्चित वेतन एवं इन्सेंटिव भी दिया जायेगा। इच्छुक अपना रिसयूम भेजे एवं संपर्क करें।

दून फिनकार्प सर्विस

**(प्रो. संदीप गुंसाई)**

**सम्पर्क 9897034862**

**फर्स्ट फ्लोर, अपोजिट सृष्टि होन्डा, देवी रोड़, नियर देवी मंदिर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल।**

# सम्पादकीय

## सिमटते जंगल टूटती सीमाएं

उत्तराखंड के लोगों के लिए जंगली जानवरों का भय हमेशा से बना रहा है लेकिन अब तक इस भय की सीमा पहाड़ी क्षेत्रों तक थी जो अब मैदान और रिहायशी बस्ती तक भी आ पहुंची है। राजधानी देहरादून में एक बस्ती से 4 साल के मासूम बच्चे को बाघ उठाकर ले गया जिसका शव कुछ देर बाद बरामद किया गया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल तो पैदा किया ही साथ ही एक नई चिंता और पैदा कर दी की पहाड़ों का यह डर अब मैदाने तक भी आ पहुंचा है। उत्तराखंड के पहाड़ जंगली जानवरों के आतंक से जूझते हुए आए हैं और न जाने कितने लोग हिंसक जानवरों का शिकार बन चुके हैं। मवेशियों की खोज में बस्तियां तक पहुंचे शेरों की प्रजाति के जानवरों ने अब इंसानों को भी अपना शिकार बनना शुरू कर दिया है। आमतौर पर इंसानों को शिकार बनाने वाले जानवरों को आदमखोर घोषित कर दिया जाता है और उन्हें या तो मार डालने या फिर पकड़ने की कार्रवाई की जाती है। जब तक यह आदमखोर कब्जे में नहीं आते तब तक पूरा क्षेत्र दहशत के माहौल में जीता है। यह बेहद चिंता की बात है कि अब तक जो घटनाएं पहाड़ों में सुनने को मिलती थी उससे अब मैदानी क्षेत्र और घनी बस्तियां भी बच नहीं पाई है। जंगली जानवरों का इंसानी जीवन पर हमला करना यह स्पष्ट करता है कि कहीं ना कहीं जंगली जानवरों की भौगोलिक परिस्थितियों प्रभावित हो रही है। जंगलों में जब इन जानवरों की पूर्ति नहीं होती तो वह अपना दायरा बढ़ाते हैं और इस बढ़ते दायरे के बीच इंसानी बस्तियां और इंसानों का जीवन शिकार बनता है। शिकार के लिए यह जानवर हमला करते हैं फिर चाहे उनके सामने मवेशी आए या फिर इंसान। इंसान मरते हैं तो बाघ को आदमखोर घोषित करके उसे मार दिया जाता है, लेकिन क्या यही इन जानवरों पर नियंत्रण पाने का एकमात्र विकल्प है? आज जहां एक तरफ बाघ प्रजाति के जानवरों को संरक्षण की श्रेणी में रखा गया है और इन्हें बचाने व उनकी संख्या वृद्धि पर प्रयास किए जा रहे हैं तो वही दूसरी ओर कम होते जंगल वह खाने की पूर्ति का अभाव इनके जीवन पर संकट पैदा कर रहा है। जंगली जानवरों का स्वभाव अपने वन क्षेत्र से निकलकर शिकार करना नहीं रहा है लेकिन जब आवश्यकताएं पूर्ण नहीं होगी तो वह अपनी सीमाओं को लांघ कर उदर पूर्ति के लिए हमले करेगा। इंसान और बाघों के बीच उत्तराखंड के लोगों की जंग हमेशा से ही चलती आई है लेकिन आज तक इसका कोई ऐसा स्थाई समाधान नहीं मिल पाया है जो इन हिंसक जानवरों को आदमखोर बनने से रोकने का रास्ता तलाश सके, जिससे इंसानी जीवन भी सुरक्षित बना रहे।

# 24 में 76 देशों में लोकतंत्र की परीक्षा!

**श्रुति व्यास**

**एक अन्य देश जहां ठीक यही होगा वह है संयुक्त राज्य अमरीका। वहां साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होगा। चुनाव प्रचार कटुतापूर्ण, बल्कि ज़हरीला और देशा को ध्रुवीकृत करने वाले होगा और ऐसा होना सारी दुनिया की राजनीति के लिए बुरा होगा। यह स्पष्ट हो चुका है कि इस चुनाव में वही दो बड़े मियां भिड़ेगें, जिनके बीच पिछला चुनाव हुआ था। और वह भी तब जबकि ज्यादातर मतदाता नहीं चाहते कि इन दोनों में से कोई भी उम्मीदवार बने। यह उम्मीद करना बेकार है कि अंतिम क्षणों में रिपब्लिकनों के रूख में ऐसा बदलाव आएगा जिसके नतीजे में ट्रंप का नामांकन न हो। ऐसे व्यक्ति का नामांकन करना जिसने पिछले चुनाव के नतीजों को पलटने का प्रयास किया था, अपने आप में अमरीका के लोकतंत्र के प्रकाशस्तंभ होने की छवि को धूमिल करता है। हालांकि ट्रंप को उनके अपराधों के लिए सजा भी सुनायी जा सकती है लेकिन ऐसा होगा यह सोचना नाउम्मीदी के तूफ़ान में उम्मीद का दीया जलाने जैसा होगा। ट्रंप के चुनाव जीतने की संभावना, जो बाइडन की अलोकप्रियता के कारण चिंताजनक स्तर तक बढ़ गई है।**

सन् 2024 चुनावों का साल होगा। दुनिया के कोई 76 देशों में चुनावी राजनीति, ध्रुवीकरण, तू–तू मैं–मैं और कहासुनी की बहार होगी। प्रतिद्वंदी पार्टियों के बीच विवाद होगें। सहयोगी पार्टियों के बीच भी।सो जहा युद्ध की राजनीति पृष्ठभूमि में चली जाएगी वही सोशल मीडिया पर, टीवी पर, घरों में और पार्को में भी बहस–मुबाहिसे होंगे। खूब नाटक–नौटंकी होगी और वह भी पैसा वसूल से।

खबरों के मुताबिक दुनिया की लगभग आधी आबादी 2024 में वोट डालेगी। मतलब यह कि आज तक किसी भी साल में उतने वोट नहीं डाले गए होंगे, जितने अगली साल डाले जाएंगे। दुनिया के दस सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों में से आठ झ बांग्लादेश, ब्राजील, भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, पाकिस्तान, रूस और अमेरिका झ में 2024 में चुनाव होंगे। और दिलचस्प किंतु साथ ही चिंताजनक तथ्य यह है कि चुनाव वाले इन देशों में लोकतंत्र की परीक्षा भी होगी।

निश्चित है कि बांग्लादेश, मेक्सिको, पाकिस्तान और रूस में चुनाव मात्र एक दिखावा, सिर्फ ढकोसला होंगे, और इनसे सत्ता में कोई बदलाव नहीं होगा। ताईवान में इस चुनाव में यह तय होगा कि वह चीन के चंगुल में रहेगा या उससे मुक्त होगा। चीन से ताईवान के संबंध कैसे होंगे, यह इस चुनाव में निर्धारित होगा। सम्भावना यही है कि स्वतंत्रता–समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी राष्ट्रपति पद एवं संसद पर काबिज रहेगी।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो राजनीति में अपने वंश की जड़ें मजबूत करने में जुटे हैं। इसके अलावा यूक्रेन भी है, जो युद्ध में उलझा रहेगा। राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने देश में चुनाव होने की संभावना से इस तथ्य के बावजूद इंकार नहीं किया है कि वहां मार्शल लॉ लागू है जिसके अंतर्गत चुनाव करवाना प्रतिबंधित है। ऐसा चुनाव कभी भी पुर्णतः स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं हो सकता जब देश के एक हिस्से पर विदेशी कब्जा है और दसियों लाख यूक्रेनी अपने घर छोडक़र विस्थापित हैं। इन हालातों में यह तय मानना चाहिए कि जेलेंस्की ही राष्ट्रपति पद पर काबिज रहेंगे।

अफ्रीका सबसे अधिक चुनावों वाला महाद्वीप है। लेकिन वहां मतदाताओं का लोकतांत्रिक प्रणाली से मोहभंग हो गया है। वहां हुई रायशुमारियों से पता लगता है कि अधिकाधिक अफ्रीकी सैन्य शासन के पक्ष में होते जा रहे हैं। वहां तख्तापलट की घटनाएं भी बढती जा रही हैं और 2020 से लेकर अब तक इस तरह के नौ सत्ता परिवर्तन हो चुके हैं। सबसे ज्यादा ध्यान दक्षिण अफ्रीका पर होगा जहां एक विभाजित एवं कमजोर विपक्ष होने के कारण भ्रष्टाचार और घोटालों के कई मामलों के बावजूद यह लगभग निश्चित है कि सत्ताधारी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस दुबारा चुनाव जीत जाएगी।

लेकिन सबसे बड़े चुनाव होंगे भारत और अमरीका में। भारत में चुनाव का आकार और उनका कैनवास दुनिया के किसी भी अन्य चुनाव से बड़ा होता है। हमारे यहां चुनाव में जाति, धर्म, अन्य सभी प्रकार के विभाजन, रेवड़ी, अहं का टकराव, अपनी ढपली बजाना आदि सभी की भूमिका होती है। जाहिर है कि भारत में 2024 नए–नए जुमलों और खूब कहा–सुनी का साल होगा। एक ऐसा साल जिसमें 'संयुक्त विपक्ष' की शक्ति का मुकाबला नरेन्द्र मोदी की ताकत और उनके प्रति जुनून से होगा। यह चुनाव इंडिया बनाम भारत, लोकतंत्र बनाम लोकलुभावनवाद का होगा। यह एक ऐसा चुनाव होगा जिनमें अन्य रूटीन मुद्दों के अतिरिक्त लोगों के मन में भारत के 'विश्व गुरू' बनने का इलहाम होगा। मीडियाकर्मी देश के कोने–कोने में पहुचेंगे, अपने–आप आकलन और धारणाओं का खुलासा करेगें और मोदी के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की चर्चा होगी। मगर दीवारों से लेकर आसमान तक सब जगह बड़े–बड़े अक्षरों में लिखा होगा झ "मोदी फिर से" ।हाँ, भारत में भी बांग्लादेश, मेक्सिको, पाकिस्तान, रूस और यूक्रेन की तरह सत्ता परिवर्तन नहीं होगा। पिछले दस सालों में भारत में भी हालात बिगड़े हैं और यहां के लोकतंत्र में नुक्स पैदा हो गए हैं। लेकिन हमारे पड़ोसियों और रूस की तुलना में, जहां तानाशाही का बोलबाला है और जहां लोकतंत्र का केवल 'दिखावा' किया जाता है, भारत में चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होंगे (ईव्हीएम हैक किए जाने की बातें कोरी बकवास हैं)। और यदि ईश्वर ने विपक्ष का साथ देने का मन बना लिया तो हो सकता है कि बदलाव भी हो जाए। मगर हमें यह स्वीकार करना ही होगा कि पिछले कुछ सालों में हमारा राजनैतिक तंत्र कमजोर हुआ है। प्रेस का ज्यादातर हिस्सा वैसी खबरें ही देगा जैसी देने के लिए उसे कहा जाएगा, अधिकारी उसी तरह से काम करेंगे जैसा करने के निर्देश उन्हें दिए जाएंगे। जहां राहुल गांधी भारत की आत्मा की रक्षा का आव्हान करेंगे वहीं नरेन्द्र मोदी भारत की आत्मा की 'भ्रष्ट इंडिया' से बचाने का दावा करेंगे। प्रचार की आंधी में लोगों का कॉमन सेंस सूखे पत्ते के तरह उड़ हुआ होगा।

एक अन्य देश जहां ठीक यही होगा वह है संयुक्त राज्य अमरीका। वहां साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होगा। चुनाव प्रचार कटुतापूर्ण, बल्कि ज़हरीला और देशा को ध्रुवीकृत करने वाले होगा और ऐसा होना सारी दुनिया की राजनीति के लिए बुरा होगा। यह स्पष्ट हो चुका है कि इस चुनाव में वही दो बड़े मियां भिड़ेगें, जिनके बीच पिछला चुनाव हुआ था।

और वह भी तब जबकि ज्यादातर मतदाता नहीं चाहते कि इन दोनों में से कोई भी उम्मीदवार बने। यह उम्मीद करना बेकार है कि अंतिम क्षणों में रिपब्लिकनों के रूख में ऐसा बदलाव आएगा जिसके नतीजे में ट्रंप का नामांकन न हो। ऐसे व्यक्ति का नामांकन करना जिसने पिछले चुनाव के नतीजों को पलटने का प्रयास किया था, अपने आप में अमरीका के लोकतंत्र के प्रकाशस्तंभ होने की छवि को धूमिल करता है।

हालांकि ट्रंप को उनके अपराधों के लिए सजा भी सुनायी जा सकती है लेकिन ऐसा होगा यह सोचना नाउम्मीदी के तूफ़ान में उम्मीद का दीया जलाने जैसा होगा। ट्रंप के चुनाव जीतने की संभावना, जो बाइडन की अलोकप्रियता के कारण चिंताजनक स्तर तक बढ़ गई है।

जो भी हो, जैसा कि मैंने कहा, 2024 दिलचस्प और चिंताजनक साल होगा। नरेन्द्र मोदी भले ही कितने बड़े मसीहा क्यों न हों, उनकी एक और जीत देश के लिए शुभ नहीं होगी। डोनाल्ड ट्रंप के दुबारा व्हाइट हाउस में प्रवेश के दुष्परिणाम सारी दुनिया को भुगतने पड़ेंगे। ये दोनों चुनाव लोकतंत्र को बचाने का कवायद नहीं होंगे बल्कि प्रबल संभावना यह है कि यह एक ऐसे चुनाव होंगे जिनसे लोकतंत्र घायल ही होगा।

# यह एक नई चुनौती

यह बात स्वीकार करने की जरूरत है कि तकनीक के विकासक्रम को रोका नहीं जा सकता। जो काम किया जा सकता है, वो यह है कि नई चुनौती के मद्देनजर नीतियां तैयार की जाएं और अर्थव्यवस्था के स्वरूप को नई परिस्थितियों के अनुरूप ढाला जाए।

भारत में शिक्षित बेरोजगारी की समस्या पहले से ही गंभीर है। अब ऊपर से एक नई परिस्थिति आ खड़ी हुई है। खबर है कि जानी–मानी कंपनी वन–97 कम्युनिकेशन लिमिटेड पेटीएम ने अपने सेल्स और इंजीनियरिंग समेत कई विभागों में छंटनी की है। कंपनी प्रवक्ता के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) अपनाने के कारण सेल्स और इंजीनियरिंग में ज्यादातर नौकरियां प्रभावित हुई हैं। साफ है कि एआई के कारण कंपनियों में ऑटोमेशन की प्रक्रिया काफी तेज होने जा रही है। इससे कंपनियों में उत्पादकता को बढ़ती जाएगी, लेकिन रोजगार के अवसर सिकुड़ेंगे। इससे समाज में गैर–बराबरी और बढ़ेगी। गैर–बराबरी से भी बड़ी समस्या यह है कि चूंकि रोजगार के अवसर कम होते जाएंगे, इसलिए घोर अभाव में जीने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। एक अमेरिकी शोधकर्ता ने कुछ समय पहले दावा किया था कि आने वाले कुछ ही सालों में एआई इंसान से 80 प्रतिशत तक नौकरियां छीन सकता है। बहरहाल, यह बात स्वीकार करने की जरूरत है कि तकनीक के विकासक्रम को रोका नहीं जा सकता। ना ही आधुनिकतम तकनीक को अपनाने से किसी को रोकना संभव है। जो काम किया जा सकता है, वो यह है कि नई चुनौती के मद्देनजर नीतियां तैयार की जाएं और अर्थव्यवस्था के स्वरूप को नई परिस्थितियों के अनुरूप ढाला जाए। लेकिन यह तभी संभव है, जब इस रूढ़ सोच से नीति निर्माता बाहर निकलें कि अर्थव्यवस्था में सरकार की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। चुनौती यह है कि अगर निजी क्षेत्र तकनीक प्रेरित उत्पादकता वृद्धि के जरिए अपने मुनाफे को बढ़ाने की राह पर जा रहा है, तो सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के जरिए समाज में किस प्रकार का हस्तक्षेप करे, जिससे सभी लोग बुनियादी सुविधाओं के साथ जी सकें। इसके लिए जरूरी होगा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसे क्षेत्रों को फिर से सार्वजनिक क्षेत्र में लिया जाए और वहां विशाल पैमाने पर निवेश हो। सार्वजनिक क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा का मजबूत ढांचा भी खड़ा करना जरूरी होगा। इस मकसद से संसाधन जुटाने के लिए सरकारें चाहें, तो एआई प्रेरित उत्पादकता वृद्धि से बढने़ वाले मुनाफे पर ऊंचा टैक्स लगा सकती हैं। वरना, सामाजिक अशांति का खतरा बढ़ता जाएगा।

# विदेश जाने की आतुरता



आखिर विदेश– खासकर अमेरिका या कनाडा जाने की ऐसी आतुरता क्यों है? क्या यह इस बात का संकेत नहीं है कि भारतवासियों में देश में ही रोजगार पाने या देश में रहते हुए अपना जीवन स्तर बेहतर कर सकने की उम्मीदें कमजोर पड़ती जा रही हैं?

फ्रांस के एक छोटे से एयरपोर्ट पर रोके गए भारतीय यात्रियों से भरे एक विमान को रोके जाने की घटना ने विदेशों में भारतीयों की जारी मानव तस्करी पर फिर रोशनी डाली है। फ्रांस में विमान में सवार लगभग 300 भारतीयों की जांच की गई। उसके बाद विमान को वहां से जाने की इजाजत दे दी गई। खबर है कि विमान को वापस भारत भेजा गया है। निकारागुआ जा रहे इस विमान को पेरिस के पूरब में 150 किलोमीटर दूर स्थित वाट्री एयरपोर्ट पर रोका गया था। विमान दुबई से आया था और ईंधन भरने के लिए वाट्री में रुका था। वहां अधिकारियों ने एक "अनजान व्यक्ति से मिली सूचना" के आधार पर इसे रोक लिया। एक फ्रेंच अधिकारी ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि विमान में सवार लोग संभवतया संयुक्त अरब अमीरात में काम करते थे, जिन्हें निकारागुआ ले जाया जा रहा था। शायद निकारागुआ से इन लोगों को अवैध रूप से अमेरिका या कनाडा ले जाया जाना था। हाल के सालों में भारतीयों के अवैध रूप से अमेरिका जाने के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे अधिकतर लोग मेक्सिको या एल–सल्वाडोर होते हुए अमेरिका में घुसते हैं। वैसे अमेरिकी सरकार ने निकारागुआ को भी उन देशों की सूची में रखा है, जहां मानव तस्करी को रोकने के लिए उचित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। 2022 में मेक्सिको के रास्ते अमेरिका में घुसने वाले भारतीयों की संख्या करीब 3,000 रही थी। मेक्सिकन इमिग्रेशन एजेंसी के मुताबिक इस साल जनवरी से नवंबर के बीच ही 11,000 से ज्यादा भारतीय इस रास्ते से अमेरिका जा चुके थे। इस साल 30 नवंबर तक मेक्सिको से अमेरिका में अवैध रूप से घुसते 41,770 भारतीय गिरफ्तार किए गए थे, जबकि पिछले साल यह संख्या 18,308 थी। आखिर विदेश– खासकर अमेरिका या कनाडा जाने की ऐसी आतुरता क्यों है? क्या यह इस बात का संकेत नहीं है कि भारतवासियों में देश में ही रोजगार पाने या देश में रहते हुए अपना जीवन स्तर बेहतर कर सकने की उम्मीदें कमजोर पड़ती जा रही हैं? क्या यह देश में आम जन की बढ़ती बदहाली का संकेत नहीं है?

# राजाओं की तरह काम करती है बीजेपी, ऊपर के आदेश का होता है पालन, कांग्रेस में ऐसा नहीं: राहुल गांधी

**नागपुर, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजा महाराजाओं की तरह काम करती है और हर काम के लिए ऊपर के आदेश का पालन किया जाता है, लेकिन कांग्रेस में आम कार्यकर्ता की बात सुनी जाती है और साधारण कार्यकर्ता भी नेतृत्व तक अपनी बात पहुंचा सकता है। कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जनता को न्याय नहीं मिल रहा है। देश में दलितों, आदिवासियों, ओबीसी आदि के साथ अन्याय हो रहा है और उन्हें तब तक न्याय नहीं मिल सकता है जब तक देश में जाति के आधार पर जनगणना नहीं होती है। उनका कहना था कि कांग्रेस जब केंद्र में सत्ता में आएगी तो देश में जाति के आधार पर जनगणना की जाएगी। कांग्रेस नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम करती है



और पूरे देश में, पूरे समाज में सौहार्द तथा भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए काम करती है।

राहुल गांधी ने कहा कि लोगों को लग रहा है कि देश में सत्ता की लड़ाई चल रही है, लेकिन सच यह है कि यह लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है। भाजपा की विचारधारा राजाओं की विचारधारा है, वह किसी की सुनते नहीं हैं। भाजपा में आदेश ऊपर से आता है और सभी को मानना पड़ता है। जबकि कांग्रेस पार्टी में आवाज कार्यकर्ताओं से आती है और हम उसका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में जो भी काम होता है उसके लिए ऊपर से आदेश आता है लेकिन कांग्रेस में छोटा से छोटा कार्यकर्ता भी हमको टोककर हमसे अपनी बात कह सकता है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष जब भाजपा में थे तो उन्होंने जीएसटी में किसानों की हिस्सेदारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछ लिया था तो उनको भगा दिया गया लेकिन कांग्रेस में सामान्य व्यक्ति को भी बोलने की आजादी है।

कांग्रेस नेता ने कहा "हमारी विचारधारा कहती है कि देश की लगाम देश की जनता के पास रहनी चाहिए और देश को राजशाही की तरह नहीं बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि जनता के वोट के कारण संवैधानिक संस्थाएं बनती हैं, लेकिन आरएसएस का सब संस्थानों पर कब्जा हो गया है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति सिर्फ एक विचाधारा के लोगों से की जा रही है।" उन्होंने बेरोजगारी का भी मुद्दा उठाया और कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है। इतनी बेरोजगारी कभी देश में नहीं रही है। देश का युवा बेरोजगार है इसलिए वह घंटों मोबाइल पर लगा रहता है। देश की तिजोरी चंद पूंजीपतियों के लिए खोल दी गई है और देश का पैसा उनको दिया जा रहा है। बेरोजगारी की हालात यह है कि एक लाख 50 हजार युवाओं को सेना ने योग्य माना है और उनको नौकरी देने की तैयारी की जाने लगी, लेकिन भाजपा सरकार ने अग्निवीर योजना शुरु की और इन डेढ लाख लोगों के लिए सेना और वायुसेना के दरवाजे बंद हो गये। ये युवा रो रहे हैं कि सरकार ने उनकी जिंदगी को बर्बाद कर दिया है। उन्हें अग्निवीर योजना का भी हिस्सा नहीं बनने दिया।

## मेक इन इंडिया के तहत हथियार बनाएगा रूस, राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को भेजा न्योता

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत ने एक बार फिर रूस के साथ अपने रिश्तों की सराहना की है। मॉस्को पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस एक मूल्यवान साझेदार है, समय की कसौटी पर परखा हुआ साझेदार है। इधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया है। खास बात है कि भारत और चीन दोनों ही ऐसी बड़ी शक्तियां हैं, जो यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर खुलकर रूस की आलोचना नहीं की।

जयशंकर ने रूस के राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' में पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने जयशंकर से कहा, 'हमें अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी।' रूस की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने इससे पहले अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। लावरोव के साथ अपनी बातचीत के बाद संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन अगले साल वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलेंगे। इससे पहले अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि दोनों नेता लगातार संपर्क में रहे हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी और एक निजी संदेश सौंपा। राष्ट्रपति पुतिन को उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मेरी चर्चाओं से अवगत कराया। दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने पर उनके मार्गदर्शन की सराहना की।'

## जमीन घोटाला मामला : ईडी की चार्जशीट में पहली बार सामने आया प्रियंका गांधी का नाम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। जमीन घोटाला मामले में ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट में पहली बार प्रियंका गांधी का नाम सामने आया है। सूत्रों ने दावा किया कि ईडी की चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा के साथ ही प्रियंका गांधी का जिक्र किया गया है। हालांकि, उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है। सूत्रों की मानें तो ईडी की चार्जशीट में पहली बार प्रियंका गांधी वाड्रा का जिक्र किया गया है। सीसी थंपी और सुमित चड्ढा के खिलाफ दर्ज चार्जशीट में प्रियंका गांधी के नाम का जिक्र किया गया है। जांच में पता चला है कि रॉबर्ट वाड्रा और थंपी के अलावा प्रियंका गांधी ने भी फरीदाबाद में जमीन खरीदी थी। संजय भंडारी के करीबी थंपी-वाड्रा के बीच के फाइनेंशियल कनेक्शन की जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है।

## पार्टी स्थापना दिवस पर खड़गे ने कहा – कांग्रेस का मकसद है लोक कल्याण

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को 139वें स्थापना दिवस पर पार्टी मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया और कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है।

स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सांसद राजीव शुक्ला, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## साउथ के सुपरस्टार और डीएमडीके अध्यक्ष विजयकांत का कोरोना से निधन, कुछ दिनों से वेंटिलेटर पर थे

**चेन्नई, (एजेंसी)।** देशभर में कोरोना के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। इस बीच तमिलनाडु की राजनीति में भी कोरोना ने दस्तक दे दी है। साउथ के सुपरस्टार और डीएमडीके अध्यक्ष विजयकांत का कोरोना से निधन हो गया है। तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता विजयकांत को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था।डीएमडीके ने एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी थी।इससे पहले, नवंबर में तबीयत बिगड़ने पर विजयकांत को चेन्नई के एमआईओटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खांसी और गले में दर्द के कारण वह 14 दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तमिलनाडु में सक्रिय कोविड मामलों की कुल संख्या 135 बताई गई है। देशभर में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। देश में कोरोना के एक्टिव केस भी अब बढ़कर 4 हजार से ज्यादा हो गए हैं। बीते दिन कोरोना के 529 मामले सामने आए, जिससे सक्रिय मामले अब 4093 हो गए हैं।

## चंदा कोचर व 10 अन्य पर टमाटर पेस्ट कंपनी को धोखा देने का मामला दर्ज

नई दिल्ली, (एजेंसी)। आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ चंदा कोचर एक बार फिर विवाद के केंद्र में हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में एक नया मामला दर्ज किया गया है, इसमें कोचर और दस अन्य पर टमाटर के पेस्ट में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। कंपनी को 27 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 2009 का यह मामला हाल ही में तब सुर्खियों में आया, जब 9 दिसंबर को पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जांच शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोपों का हवाला देते हुए 20 दिसंबर को एक प्राथमिकी दर्ज की।एफआईआर में नामित लोगों में चंदा कोचर, संदीप बख्शी (सीईओ और एमडी आईसीआईसीआई बैंक), विजय जगड़े (पूर्व प्रबंधक आईसीआईसीआई बैंक), मुंबई में आईसीआईसीआई बैंक की ग्लोबल ट्रेड सर्विसेज यूनिट के अनाम अधिकारी, (अब पंजाब नेशनल बैंक) के प्रतिनिधि शामिल हैं। इनमें अतुल कुमार गोयल (एमडी एवं सीईओ पंजाब नेशनल बैंक), के.के. बोर्दिया (पूर्व जीएम ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स), अखिला सिन्हा (एजीएम पीएनबी और ओबीसी के तत्कालीन शाखा प्रमुख), मनोज सक्सेना (एजीएम पीएनबी और ओबीसी के तत्कालीन शाखा प्रमुख), और के.के. भाटिया (ओबीसी में पूर्व मुख्य प्रबंधक) शामिल हैं।पी एंड आर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड (टोमेटो मैजिक) के निदेशक शम्मी अहलूवालिया द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर एक विदेशी बैंक से लेटर ऑफ क्रेडिट (एलओसी) को असली दस्तावेज के रूप में पेश करने की साजिश रची। टमाटर पेस्ट के निर्यात ऑर्डर के लिए महत्वपूर्ण एलओसी, कथित तौर पर रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड (आरबीएस) द्वारा जारी किया गया था, लेकिन बाद में पता चला कि यह आरबीएस एलायंस नामक एक स्थानीय रूसी बैंक से जारी किया गया था, जो अपनी संदिग्ध प्रतिष्ठा के लिए जाना जाता है।एफआईआर में कहा गया है, आईसीआईसीआई बैंक ने धोखाधड़ी से रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड द्वारा जारी एलओसी को प्रमाणित किया, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि एलओसी (एल/सी) एक स्थानीय रूसी बैंकः आरबीएस एलायंस से था। उक्त एलओसी में तीन बार संशोधन किया गया, लेकिन सभी पर इन अवसरों पर, आईसीआईसीआई ने बार-बार गलती की।एफआईआर के मुताबिक, आईसीआईसीआई बैंक जो इस मामले में सलाहकार बैंक है और उसके अधिकारियों को यह जांच करनी थी कि क्या पेश किया जा रहा एल/सी प्रामाणिक था और एक वास्तविक बैंकिंग इकाई द्वारा जारी किया गया था।

## लाइबेरिया में बड़ा हादसा, ईंधन टैंकर में विस्फोट होने से 40 लोगों की मौत, 83 अन्य घायल

**मोनरोविया, एजेंसी।** उत्तर-मध्य लाइबेरिया के बोंग काउंटी में एक ईंधन टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विस्फोट से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 83 घायल हो गए। लाइबेरिया के अखबार फ्रंटपेज अफ्रीका ने देश के उप स्वास्थ्य मंत्री और मुख्य चिकित्सा अधिकारी फ्रांसिस कटेह के हवाले से यह खबर दी है।

अखबार ने बताया कि मंगलवार को टोटोटा के मुलबाह हिल समुदाय में गैस ट्रक पलट गया और कुछ ही देर बाद विस्फोट हो गया, जिससे लीक हो रहे ईंधन को निकालने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे लोगों की मौत हो गई और वे घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती मौत का आंकड़ा 15 लोगों का था और 36 लोग घायल हुए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विस्फोट में अन्य मृतकों के अलावा एक महिला और छह से नौ साल की उम्र के तीन बच्चों की मौत हो गई। अखबार ने कटेह के हवाले से कहा कि घायलों का फेबे अस्पताल में इलाज चल रहा है और अन्य को 14 सैन्य अस्पताल, जॉन एफ कैनेडी मेमोरियल अस्पताल और ईएलडब्ल्यूए अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है।

# देश में तेजी से फैल रहा कोरोना, बीते 24 घंटों में आए 692 नए मामले, 6 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में एक बार फिर कोरोना ने रफ्तार पकड़ ली है। बीते 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना वायरस के 692 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इसी अवधि में छह लोगों की मौत हुई।

स्वास्थ्य मंत्रालय डाटा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, सक्रिय कोविड-19 मामलों की कुल संख्या 4,097 तक पहुंच गई है, जो देश में कुल सक्रिय मामलों का 0.01 प्रतिशत है। इस संक्रमण से छह मरीजों की मृत्यु हुई। इनमें से दो मरीजों की मृत्यु महाराष्ट्र में हुई,




जबकि दिल्ली, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल में एक-एक मौत हुई, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,33,346 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस मामले में मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,73,448 हो गई है, जिससे रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत तक पहुंच गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के अनुसार, राजधानी में बुधवार को कोविड-19 सब-वैरिएंट जेएन 1 का पहला मामला दर्ज किया गया।

कुल तीन संदिग्धों के नमूनों का परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया था। इनमें से एक की पहचान जेएन1 के रूप में की गयी जबकि अन्य दो की पुष्टि ओमिक्रॉन के रूप में की गई।

दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दिशानिर्देश जारी किए हैं। एम्स निदेशक ने आकस्मिक उपायों पर चर्चा के लिए विभाग प्रमुखों के साथ बैठक की। इस बैठक में कोविड-19 परीक्षण, संक्रमण से संक्रमित मरीजों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्रों और अस्पताल में भर्ती होने के प्रोटोकॉल पर नीतियों पर चर्चा की गई।

## 28 वर्षीय महिला का 14 साल के लड़के पर आया दिल, रचाई शादी, अब पुलिस के पास पहुंचा मामला

**ऊना, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 28 साल की महिला ने अपने पड़ोस में रहने वाले 14 वर्षीय किशोर को दिल दे बैठी। इतना ही नहीं महिला ने किशोर से जबरन शादी भी रचा ली है। वहीं, अब किशोर के परिजन इस मामले को लेकर पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर जांच शुरू कर दी है। महिला का दावा है कि उसने किशोर से कोर्ट मैरिज की है। अब पुलिस इस मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।




पुलिस को दी गई शिकायत में बिहार निवासी महिला ने बताया कि वह पिछले काफी समय से अपने पति और चार बच्चों के साथ ऊना के एक गांव में रहते हैं। महिला ने बताया कि उसके दो बेटे 18 और 14 वर्षों हैं जबकि दो बेटियां 7 और 6 वर्ष की हैं।

# अमरीका से टकराव के बीच किम जोंग उन ने सेना को 'युद्ध की तैयारी' तेज करने का दिया आदेश

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कोरियाई प्रायद्वीप में अमरीका और उसके सहयोगियों के चरम का मुकाबला करने के लिए देश की सेना को युद्ध की तैयारी में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को दी। किम ने वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की 8वीं केंद्रीय समिति की 9वीं पूर्ण बैठक के दूसरे दिन की बैठक में यह टिप्पणी की। केसीएनए ने कहा कि किम ने कोरियाई प्रायद्वीप में गंभीर राजनीतिक एवं सैन्य स्थिति का गहन विश्लेषण के आधार पर सेना, युद्ध सामग्री उद्योग, परमाणु हथियार और नागरिक सुरक्षा क्षेत्रों के



कार्यों को आगे बढ़ाया, जो अमेरिका और उसके सहयोगी बलों के डीपीआरके (डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया) के साथ टकराव वाली चाल के कारण चरम पर पहुंच गया।रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरियाई नेता ने साम्राज्यवाद विरोधी स्वतंत्र देशों के साथ रणनीतिक सहयोग के संबंधों का विस्तार एवं विकास करने और तेजी से बदलती विश्व भू-राजनीतिक स्थिति के अंतर्गत अंतराष्ट्रीय स्तर पर साम्राज्यवाद विरोधी संयुक्त कार्रवाई और संघर्ष को गतिशीलता प्रदान करने के लिए पार्टी के स्वतंत्र सिद्धांत को भी स्पष्ट किया और दक्षिण की ओर विदेशी राजनीति के उन्मुखीकरण का संकेत दिया। सरकारी मीडिया ने इससे पहले कहा था कि पार्टी की वरिष्ठ अधिकारी और देश के नेता की बहन किम यो जोंग ने कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिका और उसके सहयोगियों के उकसावे की कड़ी निंदा की



## आईएसएल में ओडिशा एफसी ने पंजाब एफसी को 1—0 से हराया

नई दिल्ली , ओडिशा एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में पंजाब एफसी 1–0 से हराया। मंगलवार रात यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में रॉय कृष्णा ने 21वें मिनट में किये गये गोल की बदौलत ओडिशा एफसी ने पंजाब एफसी को 1–0 से हरा दिया। हालांकि मैच के दौरान दोनों टीमों के पास गोल करने के कई मौके आये लेकिन वे उसे भुना नहीं सकी।मैच बाद तालिका में पंजाब एफसी 12 मैचों में एक जीत और पांच ड्रॉ के साथ आठ अंकों के साथ 11वें स्थान पर है। ओडिशा एफसी का अगला मुकाबला 29 दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से है।

# टेनिस में टॉम ब्रैडी के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं जोकोविच

नई दिल्ली, अमेरिकी फुटबॉल के दिग्गज टॉम ब्रैडी के नक्शेकदम पर चलने की इच्छा रखने वाले नोवाक जोकोविच ने अपने संन्यास को लेकर बड़ी घोषणा की है। उनका मानना है कि वो भी अपने खेल करियर को 5–6 साल और आगे बढ़ा सकते हैं।

टॉम ब्रैडी ने नेशनल फुटबॉल लीग में 23 सीजन का एक शानदार करियर पूरा किया, जिसमें न्यू इंग्लैंड पैट्रियट्स और टाम्पा बे बुकेनियर्स दोनों के साथ सात सुपर बाउल जीत हासिल की। एक शानदार करियर के बाद उन्होंने इस साल की शुरुआत में 45 साल की उम्र में संन्यास लेने की घोषणा की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच इस समय सऊदी अरब के रियाद में हैं। जहां वो कालोस अल्कराज के खिलाफ एक प्रदर्शनी मैच की तैयारी कर रहे हैं। जोकोविच ने कहा, टॉम ब्रैडी अपने खेल में एक चैंपियन रहे हैं। वो ऐसे व्यक्ति हैं जिनका करियर बेहद लंबा और शानदार रहा है। उन्होंने अपनी फिटनेस, हेल्थ और हर पहलू में खुद को तैयार रखने के लिए काफी मेहनत की है। ताकि वह एक लंबे समय तक चलने वाला सफल करियर बना सकें। जोकोविच ने कहा, मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानता हूं और मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उम्मीद है कि मेरा करियर 40 तक



या शायद उससे भी आगे हो सकता है। मेरा शरीर साथ दे रहा है और फिलहाल मेरी फॉर्म भी अच्छी है। 2023 मेरे जीवन के सबसे अच्छे सीजऩ में से एक था और जब आप अभी भी अच्छा खेल रहे हों तो रुकना क्यों? इसलिए मैं धीरे–धीरे आगे बढ़ता रहूंगा और देखूंगा कि मैं कितनी दूर तक जाता हूं। 36 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने साल का अंत सात खिताबों के साथ किया। जिसमें दो मास्टर्स 1000 खिताब, तीन ग्रैंड स्लैम, एक एटीपी 250 खिताब और सीजन के अंत में एटीपी फाइनल जीत भी शामिल है। इस साल यह चौथा सीजन रहा जिसमें जोकोविच ने चार ग्रैंड स्लैम में से तीन हासिल किए।

जोकोविच ने आठवें वर्ष के अंत में नंबर 1 स्थान हासिल कर एक टेनिस लीजेंड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया। इसके अलावा, वह 2024 में अपने रिकॉर्ड में 24 ग्रैंड स्लैम (10 ऑस्ट्रेलियन ओपन सहित) और 40 एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जोडऩे की कोशिश करेंगे।

## मोहन बागान और केरला ब्लास्टर्स में विपरीत फॉर्म वाली टीमों का मुकाबला होगा



कोलकाता, मोहन बागान सुपर जायंट यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023–24 मुकाबले में इन–फॉर्म केरला ब्लास्टर्स एफसी से भिडऩे के लिए तैयार होंगे।मैरिनर्स नौ मैचों के बाद मुसीबत भरे हालात में फंसे हुए हैं, क्योंकि उन्हें पिछले दो मैचों में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों के हाथों हार मिली। जीत की पटरी से उतरने का यह सिलसिला मुम्बई में आइलैंडर्स के हाथों 2–1 की उनकी करारी हार के साथ शुरू हुआ और फिर एफसी गोवा ने मजबूत प्रदर्शन करके मैरिनर्स को उनके ही घर में 4–1 से मात दी। जुआन फेरान्डो को तमाम समस्याओं के जवाब ढूंढने के लिए ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाने की आवश्यकता होगी क्योंकि लगातार चोटों और प्रमुख खिलाडिय़ों की अनुपस्थिति के कारण उनके पास एक कम क्षमतावान टीम रह गई है।दूसरी ओर, केरला ब्लास्टर्स एफसी एक ऐसी इकाई है जो इस सीजन में फॉर्म दिखा रही है और मैरिनर्स की लडखड़ाहट के रूप में इस अवसर को लेकर उत्सुक नजर आ रही है। हेड कोच इवान वुकोमानोविच की देखरेख में खेलने वाली टीम ने कप्तान एड्रियन लुना की चोट की चिंताओं को दूर कर दिया है, क्योंकि अन्य वरिष्ठ और अनुभवी स्टार खिलाडिय़ों ने जिम्मेदारी संभाली है और लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।ब्लास्टर्स ने पिछले मैच में मुम्बई सिटी एफसी को 2–0 के अंतर से हराया था, लेकिन क्या वे आगामी मुकाबले में भी उस तरह का दमदार प्रदर्शन को दोहरा पाएंगे?मैरिनर्स के पास इस हार के अनचाहे सिलसिले को तोडऩे और उन शीर्ष टीमों के करीब पहुंचने का मौका है जो इस समय अंक तालिका में उनसे सिर्फ एक स्थान ऊपर हैं। हालांकि, वे अगले मैच में ब्लास्टर्स से बेहतर प्रतिद्वंद्वी की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, क्योंकि उनका केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ शानदार अपराजित रिकॉर्ड है जिसे फेरांडो आगामी मैच में जारी रखना चाहेंगे। आईएसएल में मैरिनर्स अपने छह मैचों में केरला ब्लास्टर्स एफसी को पांच बार हार चुके है और एक मुकाबला ड्रा रहा है।कप्तान एड्रियन लुना की अनुपस्थिति के बावजूद केरला ब्लास्टर्स एफसी पिछले मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी को 2–0 से हराकर उत्साहित हैं। उन्होंने अपनी आक्रामकता में कमी का कोई संकेत नहीं दिखाया क्योंकि फॉरवर्डों ने दम दिखाया है और शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन के अलावा दिमित्रियोस डायमंटाकोस और क्वामे पेप्राह की स्ट्राइकर जोड़ी ने एक–एक गोल करके अपनी सटीक क्षमता का प्रदर्शन किया।

## महिला क्रिकेट में टेस्ट मैचों की संख्या बढनी चाहिए : हॉकले

मेलबर्न ,क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने खुलासा किया है कि वह भविष्य में अधिक महिला टेस्ट मैचों के समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि उनके मन में भविष्य में तीन मैचों की महिला टेस्ट श्रृंखला के बारे में भी विचार है।

हॉकले का यह बयान तब आया है जब ऑस्ट्रेलिया ने 40 साल के अंतराल के बाद इस महीने की शुरुआत में भारत में एकमात्र टेस्ट खेला था जिसमें हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मेजबान टीम वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय मैच में आठ विकेट से विजयी हुई थी। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक रेड–बॉल क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की।

एसईएन रेडियो पर हॉकले ने कहा, मैं सभी प्रारूप श्रृंखलाओं का प्रबल समर्थक रहा हूं। मुझे खुशी है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के साथ कम समय में तीन सीरीज मिली। जाहिर तौर पर अगली ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में एशेज की वापसी होगी। मैं अधिक टेस्ट क्रिकेट खेलने का समर्थक हूं। मुझे लगता है कि एक बहु–प्रारूप श्रृंखला के हिस्से के रूप में यह इसे बहुत अच्छा संदर्भ देता है। महिला टेस्ट क्रिकेट आमतौर पर सफेद गेंद के खेल सहित बहु–प्रारूप श्रृंखला का हिस्सा रहा है। हालांकि, एकमात्र



टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत एक बड़ा क्षण था।

ऑस्ट्रेलिया को अगला महिला टेस्ट फरवरी 2024 के मध्य में पर्थ के डब्ल्यूएसीए में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है। भारत में टेस्ट मैच देखना बहुत अच्छा था। एक अच्छी प्रतियोगिता जहां आप देख सकते हैं कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। हॉकले ने कहा, हम बहु–प्रारूप के हिस्से के रूप में अधिक टेस्ट क्रिकेट की वकालत करते रहेंगे और हो सकता है कि भविष्य में हम तीन टेस्ट मैचों की एक प्रमुख श्रृंखला के बारे में अपनी बात रखें।

## आईओए ने निलंबित डब्ल्यूएफआई के मामलों की निगरानी के लिए 3 सदस्यीय समिति बनाई

नई दिल्ली ,भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नवनिर्वाचित प्रशासन के निलंबन के बाद, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया, जिसे डब्ल्यूएफआई के दिन–प्रतिदिन संचालन की देखरेख का काम सौंपा गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, समिति की अध्यक्षता भूपिंदर सिंह बाजवा करेंगे, जो वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया में अध्यक्ष पद पर हैं। अन्य दो सदस्यों में हॉकी के ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर शामिल हैं।

खेल मंत्रालय ने चुनाव के तीन दिन बाद अंडर15 और अंडर20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा पर संजय सिंह के नेतृत्व वाली नई डब्ल्यूएफआई संस्था को



निलंबित कर दिया और आईओए से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन की निगरानी के लिए एक अस्थायी पैनल स्थापित करने के लिए कहा था।

21 दिसंबर को, जिस दिन सिंह ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की भूमिका संभाली, उन्होंने घोषणा की कि अंडर–15 और अंडर–20 श्रेणियों में कुश्ती के लिए राष्ट्रीय ट्रायल इस वर्ष के समापन से पहले उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित किए जाएंगे।

मंत्रालय ने अपने बयान में कहा था, यह घोषणा जल्दबाजी में की गई है, उन पहलवानों को पर्याप्त सूचना दिए बिना, जिन्हें उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना है और यह डब्ल्यूएफआई के संविधान के प्रावधानों का पालन किए बिना है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com